| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज<br><br>**सुरेन्द्र सिंह**<br><br>**बनाम**<br><br>**लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार पीपाड़ शहर)**<br><br>सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353301648911156 | नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 16/04/26 | अपीलार्थी सुरेन्द्र सिंह निवासी खांगटा, पीपाड़ शहर, जोधपुर ने द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 11.02.2026 अपीलार्थी के पूर्वजों के नाम पर दर्ज भूमि की पुरानी जमाबंदी एवं नामांतरण का अभिलेख प्राप्त करने व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।<br><br>अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़ शहर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।<br><br>हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी ( तहसीलदार पीपाड़ शहर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट राजकाज नं. 21438826 दिनांक 06.04.2026 द्वारा अवगत करवाया की कार्यालय हाजा के पत्रांक राजकाज नं. 21275400 दिनांक 26.03.2026 द्वारा अपीलार्थी को वांछित सूचना/नकल विधिक प्रक्रिया (लेण्ड रिकोर्ड रूल्स 1957 के तहत) प्राप्त करने हेतु सूचित किया जा चुका है। अपील खारिज योग्य है।<br><br>अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।<br><br>(आलोक रंजन)<br>जिला कलक्टर, जोधपुर | |

RajKaj Ref No.:
21620074
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Alok Ranjan
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.17 00:15:37 IST
Reason: Approved